>

Title: Need to construct a road over bridge on level crossing near Maheshkhunt in Sonepur Railway Division under East Central Railway Zone.

श्री दिनेश चन्द्र यादव (खगड़िया): पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर अंतर्गत सोनपुर रेल डिवीजन के महेशखूंट एवं मानसी जंक्शन के बीच महेशखुट स्टेशन से सटे पश्चिम पथ निर्माण विभाग के पथ पर महेशखूंट बाजार में रेलवे ढ़ाला पर आर.ओ.बी. (रोड ओवर ब्रिज) नहीं रहने से आम लोगों को भारी दिक्कत हो रही है।

यह मुख्य रेल मार्ग है , इसी कारण उक्त रेलवे ढाला पर सैकड़ों ट्रेन गुजरने से दिन में दर्जनों बार रेलवे ढाला बंद रहती है। यह व्यस्ततम पथ है।

अतः सरकार पथ निर्माण विभाग के पथ महेशखूंट रेलवे ढाला पर आर.ओ.बी. (रोड ओवर ब्रिज) का निर्माण कराये।